दिनांक 26.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

आधार कार्ड बनाने का लाभ ले रहें हैं लोक सुराज अभियान में

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान जोन 02 वैशाली नगर में विधायक विद्यारतन भसीन आधार कार्ड बनाने के काउंटर में पहुंचकर हितग्राहियों के लाईन में खड़े रहकर आधार कार्ड बनाने में लग रहे समय एवं उसकी प्रक्रिया को देखते रहे। आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतार लगी थी छोटे-छोटे बच्चों को लेकर लोग आधार कार्ड बनाने आ रहे हैं विधायक भसीन ने ऑपरेटर से कहा कि आखिरी व्यक्ति के आधार कार्ड बनाने के बाद ही जाना। शिविर के दौरान 44 लोगों का आधार कार्ड का पंजीयन किया गया। वार्ड 16,26,27 के निवासियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हाउसिंग बोर्ड वार्ड 27 में शिविर लगाया गया। शिविर का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जब तक आवेदकगण उपस्थित रहते हैं तब तक फार्म वितरण कर कार्यवाही की जा रही है। शिविर के दौरान आयुक्त के0एल0 चौहान सभी जनकल्याणकारी काउंटरों पर जाकर हिदायत दी कि आने वाले हितग्राहियों को सभी योजनाओं के बारे में बताकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जावे। शिविर के दौरान आयुक्त चौहान से हाउसिंग बोर्ड एवं कुरुद के निवासियों ने अवैध कब्जा एवं सफाई की शिकायत की जिसका तुरंत निराकरण करवाया गया।

आजीविका मिशन अंतर्गतं ट्रेनिंग प्राप्त 06 महिला प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर नौकरी की सुविधा प्रदान की गई। जिसमें कम्प्युटर कार्य हेतु अनल होण्डा, तहसील कार्यालय, कम्प्युटर एजेंसी, आदि जगहों पर कार्य करने वाली एजेंसियों के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जांच के दौरान सहीं पाये गये 08 हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड प्रदान किया गया।

शासन की जनकल्याणकारी योजना सभी के घर में विद्युत का कनेक्शन प्राप्त लाईट हो के तहत् लाभान्वित सौभाग्य योजना अभियान का 12 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। 04 हितग्राही को मजदुर कार्ड, प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत् 80 आवेदन, स्मार्ट कार्ड के 12 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 32 लोगों को जानकारी एवं 18 हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किया गया।

अगला शिविर 27 मार्च को जोन 04 शिवाजी नगर अंतर्गत मंगल भवन प्रांगण वार्ड 39 पुरैना में वार्ड 39 के नागरिकों के लिए आयोजित किया जायेगा।

जनसम्पर्क विभाग